राजस्थान सरकार

भाषा एवं पुस्तकालय विभाग

डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल परिसर, ब्लॉक – 8, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर

क्रमांकःप.19(1)निभापुवि/जय/हिन्दी दिवस/12/3202-3503 जयपुर, दिनांक 23-7-12

समस्त प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव,
समस्त संभागीय आयुक्त/विभागाध्यक्ष/जिला कलक्टर

परिपत्र

विषयः– हिन्दी दिवस (14 सितम्बर) पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

आपको विदित ही है कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के निर्णयानुसार 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष केन्द्र व राज्य सरकार के सभी विभागों/अर्द्ध सरकारी संस्थानों आदि के द्वारा अपने यहां हिन्दी दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाने की परम्परा है।

राजस्थान हिन्दी भाषी प्रदेश है एवं इसकी राजभाषा हिन्दी है। अतः यह आवश्यक प्रतीत होता है कि इस दिन राज्य के समस्त विभागों/कार्यालयों/अर्द्ध सरकारी संस्थानों एवं राज्य के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में हिन्दी दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जाए। इस संबंध में माननीय मुख्य सचिव की ओर से एक परिपत्रादेश समसंख्यक क्रमांक प.3(82)भापुवि/रचना/2000/4419–1909 दिनांक 22.08.2000 को जारी किया गया था।

अतः आप सभी अधिकारीगण से आग्रह है कि प्रदेश में हिन्दी के प्रयोग के प्रति सुखद वातावरण सृजित करने एवं हिन्दी प्रयोग के लिए संकल्पबद्ध होकर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दी दिवस के अवसर पर आपके विभागों/अधीनस्थ कार्यालयों/संस्थानों/समस्त शैक्षणिक संस्थानों में हिन्दी दिवस पर समारोह पूर्वक कार्यक्रम यथा हिन्दी से संबंधित विचार गोष्ठी, निबन्ध लेखन, काव्य गोष्ठी, वाद–विवाद प्रतियोगिता, श्रुतिलेखन, हिन्दी टंकण प्रतियोगिता या इसी तरह के साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित कर हिन्दी के प्रति विशेष आस्था, निष्ठा एवं समर्पण की भावना का परिचय दें।

आप इस तथ्य से भी अवगत हैं कि हिन्दी दिवस (14 सितम्बर) को भाषा एवं पुस्तकालय विभाग की ओर से राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन जयपुर में किया जाता है कृपया इस संबंध में अपने विभागों/अर्द्ध सरकारी संस्थानों एवं शैक्षणिक संस्थानों में नियुक्त राजभाषा संपर्क अधिकारी को भी इस राज्य स्तरीय समारोह में सम्मिलित होने के लिए निर्देशित करें ताकि हिन्दी प्रयोग के संवर्द्धन हेतु किये जा रहे प्रयासों की उन्हें जानकारी हो सके तथा विभाग द्वारा प्रकाशित प्रकाशन आपके कार्यालय में उपलब्ध हो सके।

हिन्दी दिवस के अवसर पर आपके विभाग/कार्यालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं में जो भी कार्यक्रम आयोजित किये जाएं उसकी सूचना एवं एक रिपोर्ट निदेशक, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, ब्लॉक –8, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर को भिजवाई जावे तथा इन कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार समाचार पत्रों के माध्यम से भी किया जाए। संपूर्ण प्रदेश में हिन्दी प्रयोग के सुखद वातावरण के सृजन के लिए आपका सक्रिय सहयोग अपेक्षित है।

(वीनू गुप्ता)
प्रमुख शासन सचिव
शिक्षा एवं भाषा

कार्यालय निदेशालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः प. 9(युवा)अकाद/निकाशि/2012/353 दिनांकः 11 सितम्बर, 2012

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शिक्षा एवं भाषा विभाग, राज0, जयपुर को उनके पत्रांक: 3202–3503 दिनांक 23.07.2012 के संदर्भ में।
2. समस्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान। उक्तानुसार कार्यक्रम आयोजित करवाकर भाषा विभाग, जयपुर को अवगत करावें।
3. डा0 धीरेन्द्र देवर्षि, व्याख्याता, बेवसाईट प्रभारी, निदेशालय। कृपया निदेशालय की बेवसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।

संयुक्त निदेशक,
कॉलेज शिक्षा, राज0, जयपुर